## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्लेसमेंट कैम्प 4 जुलाई को, 119 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 4 जुलाई 2024 को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें दो निजी कंपनियों में रिक्त विभिन्न 119 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिले के योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.न्यूट्रीनिटी क्रॉप केयर प्रा.लि.रायगढ़ में 12 वीं पास आवेदकों के लिए सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के रिक्त 36 पद, 12 वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण के लिए ग्रुप लीडर में 2 पद एवं टीम लीडर में 1 पद रिक्त है। इसी तरह मे.एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड रायपुर में 12 वीं पास उत्तीर्ण आवेदकों के लिए इंडिविजुअल रिलेशनशिप में 50 पद तथा ग्रुप क्रेडिट ऑफिसर (जीसीओ) में 30 पद रिक्त है।

### जिले में 167.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 जुलाई तक 167.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 34.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 223.9 मिली मीटर, पुसौर में 258, खरसिया में 134.5, घरघोड़ा में 188.6, तमनार में 112.2, लैलूंगा में 161.1, मुकडेगा में 187.4, धरमजयगढ़ में 84.5, छाल में 166.2 एवं कापू में 157 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### सांस्कृतिक भवन भटगांव में 2 जुलाई को होगा वायुसेना का कैरियर मार्गदर्शन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ विधानसभा के युवाओं के लिए 2 जुलाई 2024 को सांस्कृतिक भवन सारबिला अकादमी संस्थान पुराना बस स्टैंड भटगांव में शाम 4 बजे से वायुसेना द्वारा कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर धर्मेश साहू के पहल पर भारतीय वायुसेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के शैक्षिक संस्थानों में भारतीय वायुसेना भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में इच्छुक युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए वायु सेवा ने अपील किया है जिससे युवा अपने कैरियर का लाभ उठा सकते हैं।

### जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा 2 जुलाई को सारंगढ़ में लेंगे समीक्षा बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राजस्व, खेल एवम युवा कल्याण मंत्री तथा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा 02 जुलाई 2024 को जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे मंत्री वर्मा जिले के सभी विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे, जिसमें जिले के जिला और अनुविभाग स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### सारंगढ़ के आईटीआई और कालेज में 2 जुलाई को होगा वायुसेना का कैरियर मार्गदर्शन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** वायुसेना में सेवा देने के इच्छुक सारंगढ़ विधानसभा के युवाओं के लिए वायुसेना द्वारा 02 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से शासकीय आईटीआई चंदाई सारंगढ़ में और दोपहर 1 बजे से शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सारंगढ़ में कैरियर मार्गदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में इच्छुक युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए वायु सेवा ने अपील किया है जिससे युवा अपने कैरियर का लाभ उठा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर धर्मेश साहू के पहल पर भारतीय वायुसेना भर्ती कार्यालय भोपाल के द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के शैक्षिक संस्थानों में भारतीय वायुसेना भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

### 33 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए आज सीएम लेंगे शिक्षा विभाग की बैठक

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपने शासकीय निवास में शिक्षा विभाग की बैठक लेने वाले हैं। बैठक में शिक्षा विभाग की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने के साथ शिक्षकों की रिक्त पदों की भी जानकारी मुख्यमंत्री लेने वाले है। ऐसे में हो सकता है कि शिक्षा विभाग की बैठक के बाद शिक्षकों की भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री कोई बड़ा ऐलान कर दें। दरअसल, शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों की भर्ती के लिए पत्र मुख्यमंत्री और वित्त विभाग को भेज दिया गया है।

# नवीन अपराधिक कानून के संबंध में जिला मुख्यालय और सभी तहसीलों में आयोजित हुआ "क्रियान्वयन उत्सव" कार्यक्रम

- नवीन कानून से न्याय प्रक्रिया सरलता, सुगमता और शीघ्र निपटारे की ओर अग्रसर होगी- कलेक्टर गोयल
- कानून बदला, भारतीय न्याय संहिता त्वरित न्याय दिलाने में कारगर सिद्ध होगी, नागरिक जाने अपना अधिकार-एसपी पटेल

**रायगढ़**




1 जुलाई से नवीन कानून संहिताओं के तहत न्यायपालिका, पुलिस कार्यों का क्रियान्वयन करेगी। नवीन कानून लागू होने पर जिला पुलिस "क्रियान्वयन उत्सव" के रूप में मना रही है जिसका उद्देश्य लोगों को नवीन कानून की जानकारी देना और लोगों को उनके अधिकारों को बताना है। इसी परिपेक्ष्य में पुलिस सामुदायिक भवन, रायगढ़ में नवीन अपराधिक कानून पर आधारित क्रियान्वयन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल ने की। मंच पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, पूर्व सभापति नगर निगम सुरेश गोयल, जनप्रतिनिधि मुकेश जैन मंचासीन रहे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बताया कि नये कानून प्रणाली में तीव्र और सुगमता से न्याय मिलेगा। कानून नागारिकों को सुरक्षा देने का कार्य करता है इसलिए सभी को कानून में हुए बदलाव को जानना आवश्यक है। नवीन कानून प्रणाली में प्रतीकात्मक बदलाव आएगा सरलता, सुगमता और तीव्र निपटारे की ओर अग्रसर है। कानून सुरक्षा देने वाली रही है और कानून में बदलाव सुरक्षा देने वाला सिद्ध होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य उपस्थित गणमान्य नागरिकों, मीडिया के माध्यम से नवीन कानून का प्रचार प्रसार करना है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने बताया कि नये कानून में हुए बदलाव के उपलक्ष्य में जिला पुलिस लगातार विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिला पुलिस इन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नये कानून और नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। आज से लागू नवीन कानून के उपलक्ष में सभी थाना में अलग-अलग कार्यक्रम रखे गये हैं। इसका मूल उद्देश्य नागरिकों को नवीन कानून के संबंध में जागरूक करना है।

एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने नवीन कानून में हुए संशोधन की जानकारी देते हुए बताएं कि भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता होगी, इसी प्रकार दंड प्रक्रिया संहिता को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता से जाना जाएगा और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 होगी। उन्होंने नए कानून में हुए महत्वपूर्ण संशोधन व जोड़ी गई नवीन धाराओं की जानकारी उपस्थित व्याक्तियों से साझा कर बताएं कि नए कानून के तहत अब eFIR सूचना के माध्यम से फिर दर्ज कराई जा सकते हैं जिसके बाद तीन दिवस के भीतर रिपोर्टकर्ता को थाने आकर रिपोर्ट/आवेदन पर साइन करना होगा। पुलिस अपनी कार्यवाही की जानकारी रिपोर्टकर्ता को देने का प्रावधान है।चिकित्साधिकारी को पीएम रिपोर्ट समय सीमा में उपलब्ध कराना होगा।

कार्यक्रम में आईयूसीएडब्ल्यू डीएसपी अनामिका जैन ने बताया कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर कानून में पूर्व से ही सख्त प्रावधान है। नवीन कानून के तहत भी पीड़ितों के आयु अनुसार कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। नये कानून में महिला और बालको संबंधी अपराधों में दंड और सख्त किये गये हैं। ऐसे अपराधों में जांच समय सीमा में पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय प्रस्तुत करना होगा, फोरेंसिक और इलेक्ट्रानिक साक्ष्य महत्वपूर्ण होंगे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, मीडिया बंधुओं के साथ थाना कोतवाली, रक्षित केंद्र, महिला सेल के स्टाफ उपस्थित थे।

इसी प्रकार सभी थानों में पुलिस ने क्रियान्वयन उत्सव मनाया। जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों, कोटवार, महिला सहायता समूह की सदस्यों व आम नागरिकों को नवीन कानून की जानकारी पुलिस अधिकारियों ने दिया।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़**

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवेदन मंगाये गये है। जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत नवीन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व विस्तार, स्व-सहायता समूहों द्वारा स्थापना, किसान उत्पादक संगठन द्वारा स्थापना, सामान्य सुविधा, सामान्य उदभवन केन्द्र स्थापित करने एवं विस्तार हेतु बैंकों से ऋण हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत आवेदन मंगाये गये है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के उद्यमी एवं इकाई प्रतिबंधित सूची में शामिल न हो की पात्रता होगी। इसमें पूंजीगत अनुदान, व्यक्तिगत परियोजना-पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपये, स्व-सहायता समूह पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपये, किसान उत्पादक संघ पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत तथा सामान्य उदभवन केन्द्र पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अनुदान है। इन्टरेस्ट सबवेन्शन तथा टॉप अप कनवर्जेस योजना में ब्याज में छूट प्रदान किया जाता है। आवेदक अपना आवेदन ऑनलाईन वेबसाइट https://pmfme.mofpi.gov.in में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है तथा दूरभाष क्रमांक 07762-222914/07762-255334 पर भी कॉल कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

## एक महीने में बने 30 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मिशन मोड में आयुष्मान कार्ड निर्माण पूरा करने के दिए हैं निर्देश, नियमित की जा रही समीक्षा

**रायगढ़**

रायगढ़ जिले में छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड निर्माण का काम तेजी से जारी है। पिछले एक माह में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर पूरे जिले में अभियान चला कर 30 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य और पंचायत विभाग जमीनी स्तर पर मुहिम चला रहा है। गांव-गांव में कैंप लगाकर छूटे हुए लोगों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन विकासखंडवार कार्ड निर्माण के कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग की समीक्षा की जा रही है। जिसका परिणाम रहा कि 30 हजार लोगों से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड का निर्माण कर लिया गया है।

कलेक्टर गोयल ने पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए है। जिस पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्ड में दौरा कर आयुष्मान कार्ड प्रगति की समीक्षा कर रहे है। इसके साथ ही कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्लानिंग कर लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉकवार गांवों में नियमित रूप से शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके तहत जून माह में विकासखण्ड पुसौर में 2020, रायगढ़ में 3641, खरसिया में 3231, तमनार में 3140, घरघोड़ा 1999, लैलूंगा 4650, धरमजयगढ़ 12609 इस तरह कुल 31 हजार 290 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। इस तरह जिले में अब तक कुल 9 लाख 13 हजार 644 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है। कलेक्टर गोयल ने शेष हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया है।



उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा निम्न एवं गरीब तबके के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराने आयुष्मान कार्ड योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत शासन के निर्देशानुसार सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना (एसईसीसी)अंतर्गत परिवार एवं अंत्योदय व प्राथमिकता के क्रियाशील राशन कार्डधारी परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। योजनान्तर्गत शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ या किसी पंजीकृत चिकित्सालयों में योजना के निर्धारित चिकित्सा पैकेजों के माध्यम से भर्ती होने की स्थिति में प्रतिवर्ष (फैमिली फ्लोटर आधार पर) प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के नि:शुल्क इलाज प्रदाय किए जाने का प्रावधान है।

**आयुष्मान कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज-** जिले के जनसामान्य राशन कार्ड, आधार कार्ड, फोटोयुक्त अन्य कोई भी शासकीय पहचान पत्र एवं मोबाईल नंबर के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या शिविर में उपस्थित होकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं किसी भी प्रकार की सहायता हेतु हेल्प लाईन नंबर 104 में संपर्क कर सकते है।

## साइबर सेल, थाना कोतवाली और जूटमिल पुलिस ने संयुक्त टीम ने बाइक चोर गिरोह को दबोचा

- गिरफ्तार 04 आरोपियों में दो बाइक चोर और दो चोरी की बाइक के खरीदार शामिल
- आरोपियों से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा बाइक चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में कमी लाने पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुए आरोपियों की धर पकड़ के लिए साइबर सेल तथा थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में साइबर सेल की टीम मुखबिर लगाकर संदेहियों पर निगाह रखे हुए है कि आज कबीर चौक, जूटमिल में पूर्व में चोरियों में चालान हुए अनिल मिश्रा को चोरी की बाइक की बिक्री के लिए चर्चा करने की सूचना मिली। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर डीएसपी अभिनव द्वारा थाना कोतवाली, जूटमिल और साइबर सेल की टीम तैयार कर संदेही को धर दबोचा गया। संदेही से कड़ी पूछताछ में अपने साथी घरघोड़ा के महावीर सोनवानी और दो अन्य लड़कों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल और पिकअप चोरी करना बताया और गत दिनों 21 जून के दोपहर पुराना शनि मंदिर रायगढ़ के पास से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल सीजी 13 जेड 7327 को चोरी कर घर में छिपा कर रखना बताया। आरोपी अनिल मिश्रा के मेमोरेंडम पर उसके घर पर दबिश देकर चोरी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सीजी 13 जेड 7327 की जप्ती की गई।

आरोपी अनिल मिश्रा से मिली जानकारी पर आरोपी महावीर सोनवानी के सकुनत घरघोड़ा में जाकर संयुक्त टीम द्वारा दबिश दिया गया। आरोपी महावीर सोनवानी के पास एक सीडी डीलक्स और एक अवेंजर मोटरसाइकिल मिली जिसे जप्ती की गई। आरोपी ने इसके अतिरिक्त उसके साथियों के साथ मिलकर चोरी की गई दो और मोटरसाइकिल जिसमें हीरो पैशन प्रो को घरघोड़ा निवासी नंदू चौहान को रु.5000 में तथा घरघोड़ा निवासी तस्लीम खान को एक हीरो एचएफ डीलक्स की बिक्री करना बताया। आरोपी महावीर सोनवानी से मिली जानकारी पर आरोपी नंदू चौहान और तस्लीम खान के घर दबिश देकर चोरी की मोटरसाइकिल की बरामद की गई है। आरोपियों द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने पर प्रकरण में धारा 411, 34 आईपीसी जोड़ा गया। थाना कोतवाली में शनि मंदिर चोरी के अपराध में प्रार्थी राम कुमार निवासी धांगरडीपा कोतवाली के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 382/2024 धारा 379 आईपीसी + 34, 411 आईपीसी कायम किया गया है, मामले में गिरफ्तार चारों- आरोपी अनिल मिश्रा, महावीर सोनवानी, तस्लीम खान उर्फ गोलू और नंदू चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजो गया है। आरोपी अनिल मिश्रा पर थाना कोतवाली में वर्ष 2008 से अब तक चोरी के 06 मामले दर्ज हैं तथा थाना जूटमिल के पिकअप चोरी मामले में फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल, थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, थाना कोतवाली एवं साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, बृजलाल गुर्जर, आरक्षक महेश पंडा, प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर, विकास प्रधान, सुरेश सिदार, नवीन शुक्ला, रविंद्र गुप्ता, विक्रम सिंह और प्रताप बेहरा, थाना कोतवाली, थाना जूटमिल स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी-** (1)अनिल मिश्रा पिता कृष्णा मिश्रा उम्र 34 साल निवासी जूटमिल थाना के पीछे डॉक्टर घुलिया के घर के पास थाना जूटमिल

(2) महावीर सोनवानी पिता फूलचंद सोनवानी उम्र 23 साल निवासी वार्ड क्रमांक 4 अंबेडकर नगर घरघोड़ा थाना घरघोड़ा

(3) तस्लीम खान उर्फ गोलू पिता समीर खान उम्र 24 साल निवासी वार्ड क्रमांक 13 घरघोड़ा थाना घरघोड़ा

(4) नंदू चौहान पिता रूप साय चौहान उम्र 19 साल निवासी हनुमान चौक थाना घरघोड़ा

## सेवानिवृत्त हुए तीन पुलिसकर्मियों को दी गई ससम्मान विदाई

**रायगढ़**



दिनांक 30 जून 2024 को जिला पुलिस में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण डनसेना थाना भूपदेवपुर, प्रधान आरक्षक दौलत सिंह सिदार रक्षित केंद्र और आरक्षक फुलजेंस एक्का रक्षित केंद्र रायगढ़ अपनी 62 वर्ष अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए जिन्हें आज पुलिस सामुदायिक भवन में आयोजित "क्रियान्वयन उत्सव" कार्यक्रम दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा शाल, श्रीफल, मोमेंटो व पुष्प माला के साथ स्वागत करते हुए, उनके भविष्य के लिये मंगल कामना की गयी। डीएसपी अनामिका जैन ने उन्हें उनके अनुभव के आधार पर अपने साथियों का मार्गदर्शन बनने की सलाह दी और रिटायरमेंट के बाद जीवन की नई परी की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दिया गया। डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और पुलिस परिवार को आगे भी उनका ही परिवार बताएं और जब भी किसी प्रकार की समस्या हो तो मिलकर अपनी समस्याओं का निदान पाने कहा गया। शुरुआत कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के स्वस्थ एवं दीर्घायु की शुभकामनाएं दिया गया।

## चक्रधर समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु प्राप्त सुझावों के अनुसार होगा कार्यक्रम -कलेक्टर

- 39 वें चक्रधर समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू, कलेक्ट्रेट में हुयी बैठक, आयोजन को लेकर लिए गए सुझाव

**रायगढ़**





39 वें चक्रधर समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 07 सितंबर गणेश चतुर्थी के दिन से समारोह की शुरुआत होगी। समारोह की रूपरेखा तैयार करने आज कलेक्ट्रेट में कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें रायगढ़ राजपरिवार के सदस्य, जनप्रतिनिधि, कला और खेल प्रेमी, मीडिया प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। बैठक में समारोह स्थल के चयन व अवधि और कार्यक्रम की रूपरेखा और कलाकारों के चयन के संबंधी बिंदुओं पर सुझाव लिए गए।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि रायगढ़ कलाधानी है, चक्रधर समारोह पूरे देश के कलाप्रेमियों के बीच एक विशेष स्थान रखता है। जिला प्रशासन चक्रधर समारोह के गरिमामयी आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी से सुझाव लिए जा रहे हैं। जिसके आधार पर समारोह के आयोजन को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा चक्रधर समारोह की अब तक की यादों को सहेजने के लिए एक पुस्तिका तैयार की जा रही है इसमें पिछली फोटोज और लेखों को संग्रहित किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने आयोजन में प्रशासन के साथ शहर के समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग की बात कही। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने समारोह के आयोजन में प्रतिदिन के कार्यक्रम के आयोजन और स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किए जाने की बात रखी।

बैठक में चक्रधर समारोह के आयोजन पर उपस्थित जनों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व की भांति रामलीला मैदान में किए जाने की बात रखी गई। जिस पर वहां खिलाड़ियों को आयोजन के पश्चात मैदान को लेकर होने वाली असुविधा का पक्ष भी खेल प्रेमियों के द्वारा दिया गया, साथ ही आयोजन के पश्चात मैदान को खिलाड़ियों को पुन: व्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया। चक्रधर समारोह के आयोजन के समयावधि के संबंध में पूर्व की भांति 10 दिनों तक समारोह आयोजित किए जाने का मत रखा गया। इसी के साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान करने का सुझाव दिया गया। खेल प्रतियोगिताएं भी चक्रधर समारोह के आयोजन का हिस्सा रही हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित करने का सुझाव दिया गया। बैठक में शामिल कुछ सदस्यों के द्वारा आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, नटवर स्कूल मैदान व नगर निगम ऑडिटोरियम में किए जाने की भी बात रखी गयी।

.बैठक में उर्वशी देवी, प्रिंसेस विजयश्री देवी सिंह, जगदीश मेहर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, सुभाष पाण्डेय, नटवर सिंघानिया, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश जायसवाल, संतोष अग्रवाल, प्रो.अम्बिका वर्मा, दीपक पाण्डेय, देवेश शर्मा, तन्मय दास गुप्ता, हुतेन्द्र शर्मा, युवराज सिंह आजाद, नरेश शर्मा, एच.आर.तिवारी, सनत, अविनाश पाठक, राजेश जैन, अमित गुप्ता, शेख ताजीम, रोहिताश्व बेहरा, श्याम देवकर, शैलेष राज सिंह, बासंती वैष्णव, चंद्रा देवांगन, राकेश शर्मा, दीपक चंद्र दास, राजेश पटनायक, महावीर अग्रवाल, अनुपम पाल, बलवीर शर्मा, सुरेन्द्र पांडेय, दक्ष कुमार यादव, प्रदीप कुमार श्रृंगी, सुरेन्द्र कुमार, अनिल गोड़, हेमचन्द गुप्ता, खिरेन्द्र कुमार पटेल, शिबि पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी महेश शर्मा, सहायक संचालक खनिज राजेश माल्वे, खेल अधिकारी अमित सिंह मरकाम, प्राचार्य राजेश डेनियल, एएफओ राबिया खान, सहायक संचालक मत्स्य एम.के. पाटले, मनीष पवार, डी.आर.खर्रा, महेश पटेल, एसपीओ पीडब्लूडी एम.एस. नायक उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480